**श्री थावरचंद गेहलोत :** इतना ही नहीं, आपने टेलीकॉम ब्यूरो में क्या किया ? हमने इसमें 49 प्रतिशत किया था, इस हाउस को आपने चलने नहीं दिया, कागज फाड़े।â€¦ (व्यवधान)बहुत कुछ किया। आपने क्या किया, आपको आंकड़े मालूम हैं?â€¦ (व्यवधान) आप 49 प्रतिशत की बजाए 74 प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश टेलीकॉम ब्यूरो में करने वाले हैं। आप जो यह कर रहे हैं, इसके बारे में आपको क्या कहना है, यह स्पट कर दें? मुंह में राम, बगल में छूरी, इस देश के गरीब तबके के साथ आप जो करते हैं, यह ठीक नहीं है। 25 साल तक मैं भी ट्रेड यूनियन में काम कर चुका हूं और मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं तथा वे भी मुझे अच्छी तरह जानते हैं। देश में मजदूरों का सबसे ज्यादा नुकसान इन्होंने किया है, केवल अपना हित, इन्होंने देश और उद्योग का हित नहीं सोचा। जब चाहा तब हड़तालें की और पश्चिम बंगाल में आधे से ज्यादा उद्योग बंद हो गए। ये विदेशी पूंजी निवेश की आलोचना करते हैं। इनके मुख्य मंत्री विदेशों में घूमते रहे, श्री ज्योति बसु साहब घूमते रहे और श्री भट्टाचार्य साहब भी गए। उन्होंने कहा कि साहब आओ, हमारे यहां उद्योग डालो। इनकी नीतियों के कारण वहां कोई नया उद्योग नहीं आ रहा। एक दूसरी यूनियन है, वह मैनेजमेंट की हां में हां मिलाती रहती थी, उसके कारण भी नुकसान हुआ। मैं जिस ट्रेड यूनियन में था, वह यूनियन इस प्रकार के विचार रखती है कि देश और मजदूरों का भी हित हो तथा उद्योगों का भी हो। हम उस नीति को लागू करने के लिए सोच-समझ कर ये सब निर्णय करते रहे हैं। आपको मालूम है कि असंगठित क्षेत्रों में माननीय साहिब सिंह वर्मा जी ने बीमा योजना और कुछ अन्य योजनाएं बनाई थीं, जिन्हें कार्यान्वित करने का काम किया है। आप साहस तो दिखाएं। सामान्यतया लेबर से संबंधित जो एक्ट हैं, वे राज्य सरकारों के नियंत्रण में रहते हैं और राज्य सरकारों के नियंत्रण में जहां उनकी सरकारें हैं, वहां मजदूरों की स्थिति सर्वाधिक खराब है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप जो कह रहे हैं, वही करने की कोशिश करें। अगर आप में साहस हो तो सरकार से मांग करें। मैं सरकार से मांग कर रहा हूं कि जो द्वितीय श्रम आयोग का प्रतिवेदन सरकार के पास विचाराधीन है, उस पर विचार करें और एक व्यापक संशोधन विधेयक संविधान में लाएं। श्रम आयोग की रिपोर्ट पर गरीबों और श्रमिकों के हित में जो अच्छे कदम हो सकते हैं, उन्हें कानून के रूप में लाने का काम करें। भारत के संविधान में जो कल्पना की गई थी, वह कल्पना का स्वरूप हमें नहीं दिखाई दे रहा है और उन कारणों को उस आयोग ने अपने प्रतिवेदन में दर्शाया है। उन्हें देखते हुए आप संविधान में संशोधन करने के लिए भी बिल लाएं, मैं उसका समर्थन करूंगा। मैं दोनों प्रकार की मांग करता हूं, कम्युनिट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिट पार्टी और अन्य वामपंथी दलों से मैं नि वेदन करना चाहता हूं कि देश के हित में आप इन दोनों आयोगों के प्रतिवेदन के आधार पर संविधान में संशोधन करने के लिए व्यापक बिल लायें। मैं उनका समर्थन करूंगा, हमारी पार्टी उनका समर्थन करेगी। आपके इस संविधान संशोधन विधेयक का मैं विरोध करता हूं और आपको â€¦ (व्यवधान)

**श्री बसुदेव आचार्य :** समर्थन करना तो एक बात है।

**श्री थावरचंद गेहलोत :** समर्थन नहीं कर सकते, इससे कुछ नहीं हो रहा है, 41 का लोप करके आपको क्या मिल रहा है, उसे 21 में लिख रहे हैं, संविधान खरीदकर रख रखा है, उसमें यह सारे कागज इधर-उधर चिपकाने पड़ेंगे, इससे कोई फायदा नहीं हो रहा है। मैं कहता हूं कि भगवान के लिए और श्रमिकों के लिए आप अपनी नीतियों को ठीक करो और सरकार को ठीक लाइन पर चलाने का प्रयास करो, अन्यथा सरकार से समर्थन वापस ले लो, ये घड़ियाली आंसू बहाना बन्द करो।

मैं इस अवसर पर बहुत ज्यादा कहने की आवश्यकता महसूस नहीं करता। मैं केवल सरकार से यह मांग करता हूं कि संविधान संशोधन आयोग ने जो प्रतिवेदन दिया है और द्वितीय श्रम आयोग ने जो प्रतिवेदन दिया है, उस पर गम्भीरता से, विस्तार से विचार-विमर्श करके संविधान में संशोधन करने के लिए और श्रम कानून बनाने के लिए आवश्यक पहल करें तो हम सरकार का सहयोग करेंगे।

**श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद)** : सभापति जी, श्री बसुदेव आचार्य जी ने जो संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है, उसका मैं समर्थन करता हूं।

श्री बसुदेव आचार्य जी के प्रारम्भिक भााण के बाद भारतीय जनता पार्टी की तरफ से श्री थावरचन्द गेहलोत का भााण हुआ। इन्होंने श्री बसुदेव आचार्य के भााण के सम्बन्ध में क्या टिप्पणी की, मैं उसमें नहीं जाना चाहता। असल सवाल यह है और इस विधेयक की यही मंशा है कि जो किसी न किसी शक्ल में समाज के उपेक्षित लोग हैं, बेसहारा हैं, बेबस हैं, लाचार हैं, गरीब हैं, वृद्ध हैं, विकलांग हैं, उनको सामाजिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। श्री थावरचन्द गेहलोत का भााण सिर्फ मजदूरों की समस्याओं तक केन्द्रित रहा। इस संविधान संशोधन विधेयक की जो मंशा है और जो मैंने समझा, वह मोटे तौर पर यह है कि राज्य का यह दायित्व होना चाहिए, जिम्मेदारी होनी चाहिए कि इस देश में कोई भूखा न मरे, कोई कुपोाण का शिकार न हो, जो बेरोजगार हैं, उनको काम मिले और अगर काम नहीं मिलता है तो बेरोजगारी का भत्ता मिलना चाहिए। जिनको स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिली हैं, उनको स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायें और राज्य की तरफ से यह संकल्प होना चाहिए कि इस देश का रहने वाला कोई व्यक्ति बेबसी और लाचारी का शिकार होकर नहीं मरेगा।

सामाजिक सुरक्षा सार्वभौमिक मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करती है और जैसा मैंने पहले आपके मार्फत कहा कि सामाजिक सुरक्षा का जो दायरा है, उसे श्रमिकों के कल्याण तक सीमित नहीं रखा जा सकता। अभी श्री थावरचन्द जी ने जिक्र किया कि द्वितीय श्रम आयोग की रिपोर्ट देख लें। इसी हाउस में पिछली बार ये लोग थे, मैं भी इस हाउस में था, बेरोजगारी के सवाल पर मोंटेक सिंह अहलूवालिया कमेटी, एस.सी. गुप्ता कमेटी और द्वितीय श्रम आयोग, ये सब काम तो हुए, लेकिन बेरोजगारी के सवाल पर हिन्दुस्तान के आम आदमी को हम यह अहसास कराने में असमर्थ सिद्ध हुए कि हम रोजगार देने के लिए हम चार कदम आगे बढ़े हैं।

सवाल इस बात का नहीं है कि श्रमिकों का, गरीबों का और जो लोग कुपोाण के शिकार हैं, उनका कल्याण कौन करता है ? उनका कल्याण चाहे ये लोगजब ताकत में थे तब करते चाहे वर्तमान सरकार जो इस समय ताकत में है, वह करे। लेकिन असल सवाल यह है कि हिन्दुस्तान के जो बेसहारा लोग हैं, उनको अहसास होना चाहिए कि देश की सरकार कम से कम उन्हें घुट-घुट कर मरने के लिए मजबूर न करे।

जहां तक श्रमिकों का सवाल है, श्रमिकों के लिए कानून तो बहुत पहले से बने हुए हैं--कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, कर्मचारी भविय निधि उपबंध अधिनियम 1952, श्रमिक मुआवजा अधिनियम, कर्मचारी पैंशन योजना इत्यादि-इत्यादि। वे क्या कारण हैं जिसके चलते तमाम कानून हमारे देश में बने हैं लेकिन बेबसी और लाचारी में कोई कमी नहीं आई? मैं समझता हूं कि इसका सीधा मतलब यह है कि कानून बनाने के बावजूद हमारी मंशा उसे क्रियान्वित करने में साफ नहीं है। इस कारण उसके अपेक्षित परिणाम नहीं निकल सकते।

आज हमारे देश में क्या हालात है ? देश में भूख से मौतें होती हैं। हमारे देश में 55 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे कुपोाण का शिकार हैं। मात्र 30 प्रतिशत घरों में बिजली का प्रबंध है और बेरोजगारों की लंबी फौज खड़ी है। जब हम कानून व्यवस्था की बात करते हैं या आंतरिक सुरक्षा की बात करते हैं तो उसके मूल में अगर हम जायें तो उसका सार यही है कि हिन्दुस्तान की जड़ में उसकी असली और बुनियादी समस्या हमारे देश की बेरोजगारी की है। ये बी.ए.,एम.ए. बी.एस.सी., एम.एस.सी. की डिग्रियां लेने के बाद जब नौजवान हर दरवाजे पर दस्तखत देता है और रोजगार के सब दरवाजे बंद हो जाते हैं तब जाकर वह गलत रास्ता अख्तियार करने के लिए बाध्य हो जाता है। उस बेरोजगारी के सवाल पर सही अर्थों में कोई व्यवस्थित प्रयास हमारे देश में आज तक नहीं हुआ । मैं जरूर चाहूंगा कि सरकार उस पर चार कदम आगे चलने का काम करे।

जब हम सामाजिक न्याय की कल्पना करते हैं तो यह आवश्यक है कि यह काम सिर्फ कानून के जरिये नहीं हो सकता। इसमें समान वातावरण बनाना चाहिए और हमारे देश के बौद्धिक स्तर को भी ऊंचा उठाना चाहिए।

श्री थावर चंद गेहलोत ने सर्वशिक्षा अभियान की बात की। श्री गेहलोत जी, सर्वशिक्षा अभियान के लिए जो धन आवंटित हुआ है, उसका 1/4 भाग ही खर्च हुआ है। मै आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि युनेस्को का यह कहना है कि सर्वशिक्षा अभियान की जो स्थिति है, उसका अगर यही हाल रहा तो वाी 2015 तक सभी बालकों को अनिवार्य शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता। जो व्यावसायिक शिक्षा है, वह गरीब आदमी की पहुंच से बाहर है। हमारे देश में 1.5 करोड़ बच्चे आठवीं कक्षा पास करने के बाद स्कूल नहीं जा पाते। इसका मतलब यह नहीं कि उनके मां-बाप उन्हें स्कूल नहीं भेजना चाहते लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उनको आगे शिक्षा नहीं दी जा सकती।

हमारे देश में मौजूदा दोहरी शिक्षा व्यवस्था है। आम आदमी के लिए यह मुश्किल है कि वह अपने बच्चे को बेहतर तालीम दे क्योंकि आज की महंगी शिक्षा उसके बस की बात नहीं है। मात्र 2.5 प्रतिशत बालक ही आज देश में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। तमाम प्रतिभायें ऐसी हैं जिनको उनको उचित अवसर नहीं मिलता। जो देश के बड़े-बड़े ओहदों पर जा सकते हैं लेकिन अवसर नहीं मिलने के बाद तमाम ऐसी प्रतिभायें पहले ही शिक्षा से वंचित हो जाती हैं। उस ओर हमारा कोई ध्यान नहीं है।

## 17.14 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

देश में सिर्फ एक प्रतिशत नौजवान ऐसे हैं जो देश के 230 विश्वविद्यालयों के 11 हजार कालेजों में दाखिला पाये हुए हैं। आप इस देश को कौन सा देश बनाना चाहते हैं ? इस देश को क्या तालीम देना चाहते हैं, गरीब के साथ हम कहां से इंसाफ करना चाहते हैं।

आज हमारे देश में जिस तरह की शिक्षा व्यवस्था है, वह गरीबों के लिए अलग है और अमीरों के लिए अलग है। मैं कह सकता हूं कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था के चलते आम आदमी के साथ इंसाफ होने की बात सिर्फ दिवा स्वप्न के अलावा और कुछ नहीं है। हमारे देश में कृाि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र लघु उद्योग है, कुटीर उद्योग है और लघु उद्योगों में निरंतर कमी होती जा रही है। गत वाी इस कमी का औसत 5.2 है। उदारीकरण की अंधी दौड़ में हिन्दुस्तान में रोजगार की संभावनाएं और समाप्त होती जा रही हैं। ज़मीनी हकीकत क्या है? ज़मीनी हकीकत यह है कि अगर हम छोटे उद्योग में पांच लाख रुपये लगाते हैं तो उससे सात लोगों को राजगार मिलता है और अगर बड़े उद्योग में पांच लाख रुपये लगाते हैं तो उससे सिर्फ एक आदमी को रोजगार मिलता है। जब हम विदेशी पूंजी निवेश की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि जब हमारे देश में विदेशी पूंजी निवेश होगा तो विदेशी तकनीक भी आएगी। सौ करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले देश में जब ि वदेशी तकनीक आएगी तो लोगों के हाथ से काम छिनेगा, मिलेगा नहीं। हमारे देश की सामाजिक संरचना, हमारे देश की भौगोलिक परिस्थिति, हमारे देश का मिजाज, अगर इन सब परिस्थितियों को नज़रअंदाज करके हम कोई काम करेंगे तो उसके अच्छे परिणाम नहीं निकल सकते। 18वीं शताब्दी में हिन्दुस्तान के हर गांव में कपड़ा बनता था। उस कपड़े से हम अपनी आवश्यकता की पूर्ति करते थे, हम यूरोप के देशों को भी गर्म कपड़ा भेजने का काम करते थे। 18वीं शताब्दी में जब इंग्लैंड में भारत का इंजन बना तो कहा गया कि यह आद्योगिक क्रान्ति हो गई। उसके बाद वहां कपड़ा बनने लगा जिसका बाजार हिन्दुस्तान बन गया। इसीलिए हमने स्‍ वाधीनता संग्राम में विदेशी कपड़े की होली जलाई थी।

मैं बड़ी विनम्रता से कहना चाहूंगा कि जब तक किसी देश में अपने पैरों पर खड़ा होने का जज्बा नहीं होगा, तब तक उस देश का विकास किसी भी कीमत पर नहीं हो सकता। अगर हम यह सोचें कि हम दुनिया के किसी देश की मदद से आत्मनिर्भर बन जाएंगे, मैं नहीं समझ सकता कि इससे ज्यादा खराब सोच कोई दूसरी हो सकती है। यह बात सही है कि सड़कें बनाने का काम शुरू हुआ है। मैं किसी की आलोचना नहीं करना चाहता लेकिन जो मौजूदा स्थिति है और पूरे देश में सड़कों की जो हालत है, उससे देश में एक हजार करोड़ की वार्िाक हानि हो रही है।

अंत में मैं यही कहना चाहता हूं कि इस बिल का मोटा मकसद यह है कि हिन्दुस्तान में पैदा होने वाला कोई आदमी बिना दवा के न मरे। हिन्दुस्तान में पैदा होने वाला कोई आदमी, कोई बच्चा कुपोाण का शिकार नहीं हो। हिन्दुस्तान के हर बच्चे को तालीम मिले, कोई बेबसी और लाचारी की जिंदगी न जिए। इस बिल का, इस संविधान संशोधन का मकसद यही है। मैं बड़ी विनमता के साथ कहना चाहूंगा कि आज पूरे देश की जो स्थिति है, उसके चलते आम आदमी, गरीब आदमी का विश्वास टूटा है, विश्वास डगमगा रहा है। उस टूटे हुए विश्वास को जोड़ने के लिए अगर सरकार कोई सार्थक प्रयास कर सके तो मैं समझता हूं कि सरकार का निश्चित रूप से राट्रीय धर्म होगा। मुझे यही निवेदन करना था।

SHRI C.K. CHANDRAPPAN (TRICHUR): Sir, I support this Constitution Amendment Bill because the intention of the Bill is the well being of our people. Sir, the amendment is proposed to an Article in the Directive Principles of the Constitution. We all know that the Directive Principles were the direction in which the founding fathers of the Constitution thought that India should go forward. It was probably a dream about the future of the country, but after so many decades of our Independence and the formation of the Republic, we have not achieved the goal. My feeling is that it is not because of the lack of legislations. Probably, we have so many legislations which are all well-meaning and well-intentioned, but the question is whether we had sufficient political will to implement those legislations, even if we did not have a very sound economic ground.

Here, I would like to cite Prof. Amartya Sen, the well-known Indian economist who got Nobel Prize for his studies on hunger, poverty, unemployment and all that. He studied, Sir, especially your State, and my State also, Kerala and it is he who spoke about the Kerala model of development. Probably everybody will know that Kerala is not a State that stands economically on a very sound footing. If you take the *per capita* income of that State or the economic level the State has achieved, you will find that it stands on a lower ladder. There are many States like Punjab, Maharashtra, Haryana which are ahead of Kerala. But what Prof. Amartya Sen pointed out is "with that backward economy, with a highly developed social consciousness and with the people mobilised in public action, Kerala could achieve what India"s other States could not achieve - full literacy."

Full literacy is a dream. In the whole of world, there are very few countries that could achieve full literacy. How could Kerala achieve that? It is not economically a forward State that has achieved high development. Its *per capita* income is very low. Because the entire society felt, the entire society participated in the movement, that brought about a situation that everybody was educating the other one. It was declared according to UN norms that Kerala is a State that achieved full literacy. So, it is not economic development that brings prosperity to everybody. It is the political will that you are determined to see that illiteracy is wiped out and illiteracy has been wiped out.

Again, Prof. Amartya Sen pointed out another thing, that is, health care. He said "that is a State which has least infant mortality rate and that is a State where every village has a primary health centre with a doctor, nurses and other minimum facilities." We may complain sometimes that it is not enough, but the basic infrastructure has been provided. Then, what is the result? Infant mortality is almost wiped out compared to what it is elsewhere in the country. It is much below the all India average or the condition in other States. Then, life expectancy in Kerala stands even at par with some of the European countries.

These were achieved not because the State of Kerala had a very sound economic ground, but because it had the political will to achieve it. I am not saying that it is the political will expressed in terms of any particular political party. For decades together people in Kerala thought that these are some of the goals that should be achieved in spite of the political affiliations people may have. There was a consensus about this issue.

I feel that, through the constitutional amendment, we are further reiterating our will that we want to do it, but it is not possible merely by amending the Constitution or by merely introducing a Bill. The success lies in the political will, and around that political will a consensus has to be built among the people. The people need to be mobilised in the direction in which you want to achieve the goals, and move forward. If this is done, then there is a chance that it can be achieved even in conditions, which are not economically so sound. This is the experience Prof. Amartya Sen showed to the whole world. He showed that it is possible, and that it is not necessary that very high economic development should be there, then only unemployment will be wiped out. It is not really the case.

Coming to certain realities of the problem, I would like to point out that if you look at ancient India, about which Shri Ramji Lal Suman mentioned, we had a tradition of handloom industries, and we know how the Britishers tried to finish it. They had cut the fingers of the fine weavers of Benaras.

India never had to face famine. We may have had poverty, but India never had the kind of famine that India experienced under the British rule, which culminated in the Bengal famine. We did not have it, but when the Britishers came to India, they created a socio-economic condition, which was their system that they transplanted from Britain to India. The whole traditional pattern of our lifestyle was questioned as a result of this move. This started the crisis in those days, and that crisis culminated, in the intermittent periods, for India to face horrible conditions of famine, in which people died like flies. This is what had happened during that period. So, it is a question of a political approach, a political understanding.

Let us take the case of our traditional industries, which used to give employment to people. I am coming from the State of Kerala. Our traditional industries are coir, cashew, handloom, fisheries, tiles, etc. All of them are in crises today. Excuse me when I say that it is probably the result of liberalisation and globalisation. All the protection, which was there for the coir industry -- the floor price, the purchase price, the rebate, everything -- has vanished. What is the result of all this today? It is very interesting to note that the export earning of the coir industry has been enhanced, that is, the export earning is getting much bigger, but the employment opportunity is at the bottom level. All the hon. Members might think as to why it has happened like this. It all happened like this because the organised industries have been killed, and it has been made a kind of cottage industry in order to exploit it to any extent. There are starvation deaths occurring, and unemployment situation is galloping. This is the present condition here.

You can see the same situation in the cashew industry. The cashew industry is an industry that earns more revenue by way of exports. Cashew is a commodity that sold well in the international market. Mostly women used to work in the cashew processing industry, and now, most of the women are unemployed. I think, the Chair knows it because he comes from that area. They are unemployed, though the export earnings are increasing every year. Here, you will see the ruthless exploitation brought about by globalisation and liberalisation. Whatever protection was there for these industries and for the poor workers, it was all gradually removed, and the exporters were given a free hand. The exporters are merrily making money. Can that be the policy? It is where the question of social justice comes. This Constitution Amendment is for that purpose. I can cite many examples like this, but I do not want to take the time of the House.

The tile industry -- from clay, the tiles are made for thatching houses and all that -- used to provide employment to lakhs of people in Central Kerala and northern part of Kerala. Today, if you go to those places, you will see that all those industries have gone and it has become graveyard of those industries. The hon. Member was talking about the bidi industry. In the northern most districts of Kerala,Kasargod and Kannur, an effort was made to save this industry by organising workers' cooperatives. For some years, it worked, but then came the era of globalisation with its new attack on the workers, and all the cooperative societies are now getting finished.

Arabian Sea has always been kind to Kerala because we get a lot of fish from there and we used to export it. Though we eat a lot of fish, still, we catch enough fish to export, and the export earnings were huge. You must be knowing, Madam, that trawlers were allowed, and the multinational owners of trawlers do merrily whatever they want to. We allowed the trawlers of foreign companies and the Indian monopolists to fish in the Indian waters and they are trawling round the clock. There is nothing left now for the poor fishermen to go and catch. Though it is a very large ocean, he is not getting the fish any more, and he is starving; they are dying. Here, what is required is not the enactment of more legislations. Even then, I support this Bill because it expresses a certain desire - a desire that people should be protected. Social security should be provided and, therefore, I support this Bill.

What the Government is really required to do is to bring in policy changes. If these traditional industries are properly run, they will provide a bedrock on which the poor Indian people can make both ends meet. The policies have killed those poor people because nothing new could be created. Now, they are almost in a hellish condition. People are unemployed and people are suffering from starvation; poverty is everywhere. In this situation, I would request the Government to act with more determination; the Government should have the political will and this Government should stand for the well-being of the common man, poor, unemployed, illiterate and destitute persons. They should intervene now, otherwise they will remain in the same condition for years to come. If the Government is committed to do certain things, then it should come forward and act rather than enact more legislations so that we will reach a situation where the Indian people will have better social security in their life.

With these words, I support this Bill.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** माननीय सभापति महोदय, मैं बसुदेव आचार्य जी द्वारा प्रस्तुत संविधान संशोधन विधेयक 2004, का सिद्धांततः समर्थन करता हूं क्योंकि इसके पीछे सभी नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा देने की जो भावना है, मैं समझता हूं कि वह भावना अच्छी है लेकिन इससे पहले हमें सोचना पड़ेगा।

देश में अभी दसवीं पंचर्वीाय योजना चल रही है। आजादी प्राप्त किए लगभग 57 र्वा हो गए हैं। 57 र्वाों में कई सरकारें आईं और गईं। एक दूसरे को दोाारोपण करने से काम नहीं चलेगा। आखिर जो शासन में थे, उन्होंने सब कुछ करने का प्रयास किया लेकिन इसके बावजूद वांछित, अपेक्षित परिणाम क्यों नहीं आए? गरीब ज्यादा गरीब क्यों हो गया, अमीर ज्यादा अमीर क्यों हो गया? विामता की खाई क्यों बढ़ती चली गई? हमें इन कारणों के बारे में सोचना पड़ेगा। मैं समझता हूं कि अंग्रेजों के समय से लॉर्ड मैकाले द्वारा चलायी शिक्षा प्रणाली के कारण बेकारी को बढ़ावा मिला। आजादी के बाद हर नेता ने यही कहा कि शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन होना चाहिए लेकिन वहीं सैद्धांतिक शिक्षा बनी रही और उसके माध्यम से आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बन की भावना या अपने हाथ जगन्नाथ की जो भावना बननी चाहिए थी, वह नहीं बनी। हर पढ़ा-लिखा व्यक्ति नौकरियों की तरफ भागने लगा। जब रोजगार के अवसर सीमित हो गए नौकरियों नहीं मिली तो बेकारी बढ़ गई। परिणामस्वरूप आज बेकारी दिन दुगनी रात चौगुनी बढ़ रही है। कालेज और बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों की संख्या बहुत अधिक बढ़ गई। उनमें सैद्धातिक ज्ञान प्राप्त करके पढ़ने वाले और पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करके पढ़ने वाले, बीए. की डिग्री लेकर या कोई डिप्लोमा प्राप्त करने वाले युवकों को जो काम देना चाहिए था, जो आज काम भी करना चाहते हैं, उनके काम के अवसर कम हो गए। उर्दू का एक शेर है ' तू इधर-उधर की बात न कर, यह बता काफिला क्यों लूटा, मुझे राहजनी देने से गुरेज नहीं, सवाल तो

तेरी रहबरी का है" - चाहे यह सरकार हो या दूसरी सरकार हो, इतनी नीतियां, योजनाएं और करोड़ों-अरबों रुपए खर्च करने के बाद बड़े-बड़े बांध बन गए, इतना वैज्ञानिक, भौतिक विकास हुआ लेकिन इसके बावजूद विमता की खाई बढ़ी। गरीब ज्यादा गरीब और अमीर ज्यादा अमीर हुआ। जहां बेरोजगारी को बढ़ाने में लॉर्ड मैकाले द्वारा शुरु शिक्षा नीति इसके लिए जिम्मेदार है, वहां बढ़ती जनसंख्या इसका एक कारण है। हालांकि चीन की जनसंख्या हम से ज्यादा है लेकिन उसने बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है लेकिन हमारी सरकार इस पर नियंत्रण प्राप्त नहीं कर पायी है। आजादी के 57 सालों के बाद भी गरीबी, भुखमरी, बेकारी, बेरोजगारी, अशिक्षा और बीमारी तेजी से बढ़ी। इतना खर्चा करने के बाद कुछ नहीं हुआ। उत्पादन या सुधार 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 के हिसाब से हुआ लेकिन जनसंख्या 2, 4, 8, 16, 32, 64, 128 के हिसाब से बढ़ी। इसमें कोई तालमेल नहीं बैठ पाया। इसलिए हमें मूल की तरफ देखना चाहिए। " जो तू सेवे मूल को फूले फले अघाई" हम मूल की तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। आखिर बढ़ती जनसंख्या को रोकने का क्या कोई उपाय है? हमें बढ़ती हुई जनसंख्या को रोकने का कोई ҏ यास करना चाहिए। एक तरफ पहले वालों को रोजगार मिल नहीं पाता है और दूसरी तरफ हर साल नए बेरोजगार पैदा हो जाते हैं। हर कोई पढ़-लिख कर नौकरियों की तरफ भागता है। किसान का बेटा पढ़ने-लिखने के बाद खेती का काम नहीं करना चाहता, मजदूर का बेटा मजदूरी नहीं करना चाहता, लोहार का लड़का लोहारी का काम नहीं करना चाहता, कुम्हार का लड़का कुम्हारी का काम नहीं करना चाहता। हर व्यक्ति पढ़-लिख कर नौकरी करना चाहता है जबकि पहले देश में गांव स्वा वलम्बी होते थे। कहा जाता था कि खेती करने वाला खेती करेगा, बर्तन बनाने का काम करने वाला बर्तन बनाएगा, आभूण बनाने वाला स्वर्णकार आभूण बनाएगा। उस समय सारा समाज आत्मनिर्भर था और बंटा हुआ था। उस समय देश में कुटीर उद्योग थे। कौन नहीं जानता अंग्रेजों के आने से पहले ढाका की मलमल अंगूठी से निकाल ली जाती थी लेकिन उनके हाथ काट दिए गए और इंग्लैंड का तैयार किया माल हिन्दुस्तान में खपाने के लिए यहां के कुटीर, लघु और पारम्परिक उद्योगों को एक प्रकार से नट कर दिया।

परिणामस्वरूप कुटीर उद्योग, लघु उद्योग या ग्रामोद्योग, हमारे परम्परागत उद्योग नट हो गये हैं । हमारी मानसिकता में परिवर्तन आ गया है। ये पढ़-लिखकर लोग व्हाइट कॉलर जॉब प्राप्त करना चाहते हैं या पंखे की छाया चाहते हैं। कोई हाथों से काम नहीं करना चाहता है। इस प्रकार की परिस्थिति पेदा होने के कारण हमारा देश गरीबी का शिकार होता जा रहा है और गरीबी बढ़ती जा रही है।

सभापति महोदय, रामचरित मानस में एक दृटांत आता है। जब हनुमान जी माता सीता का पता लगाने के लिये लंका जाने लगे तो एक पौरिणिक कथा के अनुसार सांपों की माता सुरसा हनुमान जी की परीक्षा लेने के लिये आई। तुलसीदास जी लिखते हैं ' जस जस सुरसा बदनु बढ़ावा, तासु दून कपि रूप दिखावा' जैसे जैसे सुरसा ने मुंह फैलाया, वह बड़ा होता गया, उससे भी दूना रूप हनुमान जी का होने लगा। परिणामस्वरूप 100 योजन मुंह फैलाने पर हनुमान जी सूक्ष्म बनकर उसके मुंह मैं वापस जाकर बाहर आ गये। इस प्रकार हनुमान जी परीक्षा में खरे उतरे। यही हाल हमारे देश की आबादी का है। यह रोज़ ही सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही है।

सभापति महोदय, सामाजिक सुरक्षा की बात की गई है। संविधान संशोधन में उसे लाने की आवश्यकता है लेकिन मैं समझता हूं कि जितने पढ़-लिखे लोग हैं, उन्हें नौकरी मिलनी चाहिये। संविधान में शिक्षा एक मौलिक अधिकार है लेकिन प्राथमिक शिक्षा के लिये, मानव संसाधन बढ़ाने के लिये, स्वाभिमान बनाने के लिये, आदर्श नागरिक बनाने के लिये तथा तकनीक प्राप्त करने के लिये शिक्षा दी जानी चाहिये। लेकिन केवलमात्र पढ़े-लिखे लोग निकालें जायें जो हाथ से काम नहीं करें तो यही कहेंगे ' निकले है कहां जाने के लिये पहुंचेंगे कहां ,यह मालूम नहीं इस राह में भटकने वालों की मंजिल की दिशां मालूम नहीं'

अगर बेरोज़गारों की संख्या बढ़ती चली जायेगी तो एक प्रकार से पूरे देश पर भार पड़ेगा। इससे समस्या पैदा होगी। संविधान में अपने आप इस बात की व्यवस्था है. तो श्री बसुदेव आचार्य जी के विधेयक में इस बात की आवश्यकता नहीं थी। संविधान की धारा 41 में लिखा है :

' राज्य अपने आर्थिक सामर्थ्य, विकास की सीमाओं के भीतर काम पाने. शिक्षा पाने के और बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निशक्तता तथा अन्य अभाव की दशा में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त करने का उपबंध करेगी।' यह सरकार के लिये पाबंदी लगा दी गई है। राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के पास जितने आर्थिक संसाधन हैं, उनके पास जितनी सीमायें हैं, उनके भीतर रहकर वह जो कांम प्राप्त करना चाहती हैं, उसके लिये श्रम नियोजन कार्यालय खोले गये। हमें रोज़गार कार्यालयों में जाकर पता लगाना होगा कि एक साल के अंदर कितने लोगों को रोजगार दिया गया है। कई लोगों के र्वों से नाम पंजीकृत होते हैं लेकिन अच्छी नौकरी नहीं मिलने उनके नाम पंजीकृत रहते हैं। नई नौकरियां 'ऊंट के मुंह में जीरे' के समान है। इसलिये कहा गया है कि राज्य काम देने के लिये, बेकारी दूर करने के लिये और शिक्षा देने के लिये प्रयास करेगा। अगर बुढ़ापे की अवस्था है, निशक्कतता है या अन्य कोई अपंग या अपाहिज जिसका कमाने वाला कोई नहीं है, उस दशा में सरकार सहायता देने के लिये़ प्रयास कर रही है। सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये गांवों में विधवाओं को पेंशन दी जा रही है। 65 साल के बूढ़ों को मासिक 200 रुपये या 300 रुपये पेंशन दी जा रही है। हर सरकार ने अपने स्तर पर इस प्रकार का प्रयास किया हुआ है। यदि कोई व्यक्ति अकाल-मृत्यु का शिकार हो जाता है, जब वह खेती का काम करते हुये, बिजली का काम करते हुये ऐसे लोगों को मुआवजा दिया जाता है। यहां तक कि सड़क दुर्घटना में मरने वाले के परिवार को सहायता दी जाती है। सरकार अपने आर्थिक संसाधनों के अनुरूप कार्य कर रही है लेकिन जितना करना चाहिये, उतना नहीं हो पा रहा है। हम एक-दूसरे को दोा देते रहेंगे, अगर आत्म-चिन्तन नहीं करेंगे तो यह कहना बेकार होगा।

माननीय बसुदेव आचार्य जी चले गये हैं। जब मैं पहली बार कलकत्ता गया तो मैंने देखा कि वहां जो तांगा होता है, उसे इंसान ही खींचता है। हमारे यहां उसमें घोड़ा जोतते हैं। लेकिन मैंने वहां इंसान को तांगा खींचते हुए देखा। एक आदमी दूसरे आदमी को बैठाकर खींच रहा है और आप सवारी के रूप में बैठे हुए हैं। वह कोई साइकिल या रिक्शा वाला तांगा नहीं होता, उसे आदमी स्वयं खींचता है। बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन चलते हुए लगभग 30 साल हो गये हैं। इतने सालों तक उनका शासन होते हुए भी वे उस व्यवस्था को बदल नहीं सके। एक आदमी तांगे में बैठकर दूसरे आदमी पर अत्याचार कर रहा है। कलकत्ता में फुटपाथों पर रात को हजारों व्यक्ति सोते हैं। किसी कवि ने ठीक ही लिखा है -

" श्वानों को मिलता दूध, भूखे बालक अकुलाते हैं,

मां की छाती से चिपक, सिसक-सिसक रह जाते हैं।"

वहां भी ऐसी स्थिति देखी। चाहे बंगाल हो, केरल हो, राजस्थान हो या आसाम हो। चाहे कोई भी सरकार हो, कोई भी पार्टी हो, गरीबी सर्वत्र है। यह कहने से कुछ नहीं होगा कि गरीबी हमारे यहां नहीं हैं और जगहों पर है, हम ऐसा कर रहे हैं, हम वैसा कर रहे हैं। सब कुछ करने के बावजूद आखिर यह स्थिति क्यों है। परनाला वहीं क्यों गिर रहा है। इसके बारे में सोचना पड़ेगा। इसलिए मैं समझता हूं कि सिद्धांततः जो सामाजिक सुरक्षा की बात कही गई है, सामाजिक न्याय की बात की गई है, सामाजिक न्याय सबको मिले, सबको सामाजिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत माननीय सदस्य आचार्य जी ने इसे बहुत विस्तृत कर दिया है। उन्होंने स्वयं लिखा है कि 21(ख) का संविधान में समावेश किया जायेगा। सभी नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा का अधिकार प्राप्त होगा। इसके साथ यह भी लिखा है, मान लो यह एक्ट बन जाए, तो फिर उन्होंने कहा है कि एक साल के अंदर सरकार ऐसा कानून बनाये, जिससे सारे नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।

हम जानते हैं कि हमारे समाज में असंगठित श्रमिक भी हैं। खेतों में काम करने वाले श्रमिक भी हैं और छोटे बालकों से भी श्रम का काम लिया जाता है। उनसे होटलों आदि में मजदूरी वगैरह का काम लिया जाता है। यह सारी स्थिति हमारे सामने हैं। बूढ़े भी हैं, रोगी भी हैं, विधवा भी हैं, बेसहारा भी हैं तथा बेरोजगार नौजवान भी हैं, इन सबका इंतजाम होना चाहिए। बेरोजगार नौजवानों को बेकारी भत्ता मिलना चाहिए। मैं भारत सरकार की तरफ से तीन-चार र्वा पहले यूनेस्को के सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस गया था। जहां यूनेस्कों सम्मेलन होने वाला था, उस रास्ते में एक जगह चौड़ा मैदान था, जहां हजारों नौजवान खड़े थे। मैंने पूछा कि ये लोग क्या

कर रहे हैं। फ्रांस बड़ा उन्नतिशील तथा साधन-सम्पन्न राट्र है। मुझे जवाब मिला कि ये लोग बेकारी भत्ता बढ़ाये जाने की मांग कर रहे हैं। मैंने पूछा कि इन्हें अभी कितना मिलता है। उन्होंने बताया कि 250 फ्रैंक प्रति माह एक नौजवान को मिलता है और फिर भी वे बेकारी भत्ता

बढ़ाये जाने की मांग कर रहे थे। हमारे पांच रूपये का एक फ्रैंक है। पांच रुपये को यदि 250 रुपये से गुणा करे तो कितना सारा पैसा हो जायेगा। फिर भी वे पैसा बढ़ाये जाने का मांग कर रहे थे। उन्नत से उन्नत देश जो साधन-सम्पन्न भी है, वे बेकारी भत्ता देने की स्थिति में हैं। हमारी एन.डी.ए. की सरकार ने भी इस बारे में काफी चिंतन किया था। मैं समझता हूं कि आने वाली सरकार भी उस परम्परा का निश्चित रूप से पालन करेगी कि बेरोजगार नौजवानों को बेकारी भत्ता दिया जाए। इसमें बेकारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु 60 र्वा की हो गई है और जिनके पास आय का कोई साधन नहीं है, वे सम्मानजनक जीवन जी सकें, इसके लिए बुढ़ापे की पेंशन, बीमारी और लाचारी में दवाइयों वगैरह की सहायता मिलनी चाहिए। अपंग या अपाहिज, जिनके पास कोई साधन नहीं हैं, उन्हें निशक्तता भत्ता तथा अन्य सहायता प्राप्त होनी चाहिए और उनका स्वास्थ्य का बीमा होना चाहिए। इस बात से कोई भी इनकार नहीं करेगा....

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, the time allotted for this subject is over. If the House agrees, we may extend the time by half-an-hour.

SOME HON. MEMBERS : Yes.

MR.CHAIRMAN : So the time is extended.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर)** : इसलिए मैं समझता हूं कि संविधान संशोधन विधेयक के पीछे जो भावना है, वह भावना वास्तव में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की है। कोई भी सरकार हो और चाहे किसी भी विचारधारा का शासन हो, निश्चित रूप से वह सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता अवश्य प्रदान करेगी। समाज के अंदर हमारा कर्तव्य है - "भूखा प्यासा पड़ा पड़ौसी, तूने रोटी खाई क्या, सबसे पहले पूछकर भोजन को तू खाया कर" हमारी संस्कृति यह कहती है और जब हम प्रार्थना करते हैं -

"सर्वे भवन्तु सुखिनःसर्वे संतु निरामया,

सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मा कश्चिद दुख भाग्भवेत"

सबका भला करो भगवान, सब पर दया करो भगवान, सब पर कृपया करो भगवान, कोई रोगी न रहे।

सुखी रहे संसार सब दुखी रहे ना कोई, सब यही बात करते हैं। हमारे यहां यही सोचा जाता है कि परमात्मा हमें ऐसी शक्ति दे कि हम दुखी लोगों को सहायता कर सकें। वास्तव में कहा गया है कि :--

" कबिरा सोई पीर है जो जाने पर पीर।

जो पर पीर न जानहिं सो काफिर बेपीर। "

इसलिए वही सच्चा पीर है जो पराई पीर को जानता है और दूसरों की मदद करता है। इसलिए हमारे यहां कहा गया है कि :--

" परहित सरिस धरम नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई। "

दूसरों की भलाई के समान कोई परोपकार की वस्तु नहीं है, धर्म नहीं है और दूसरों को पीड़ा देने के समान कोई पाप नहीं है। हमारी संस्कृति यही कहती है। इसलिए मैं संस्कृति से प्रेरणा लेकर हम सबको अपने राट्र में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ऐसी आदर्श व्यवस्था देश में कायम करनी चाहिए कि कोई भूखा, नंगा नहीं रहे, कोई बेरोज़गार नहीं रहे। हर हाथ को काम, हर खेत को पानी और हर मजदूर को सहारा प्राप्त हो, ऐसा प्रयास हमें करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ आपने जो समय दिया उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

**श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा)** : सभापति महोदय, मुझे लगता है कि छः बजे सदन उठेगा और उससे पहले मैं ही अंतिम वक्ता हूँ।

सभापति जी, बसुदेव आचार्य जी जो अनुच्छेद 21 में संशोधन का विधेयक लेकर आए हैं, मुझे लगता है कि अभी तक आर्टिकल 41 में जो नीति निर्देशक तत्वों में जिसको स्टेट चाहे या न चाहे वहां ये प्रावधान थे और उसको वे मौलिक अधिकारों में लेकर आना चाहते हैं। उनकी भावना से लगभग सभी वक्ता सहमत हैं। निश्चित रूप से जहां कल्याणकारी राज्य है, वैलफेयर स्टेट है, वहां अपने नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा की चिन्ता करना, चाहे वृद्धावस्था में सहायता हो, या कोई स्त्री यदि निराश्रित रूप में विधवा का जीवन व्यतीत कर रही है, आय का साधन नहीं है, उसकी मदद होनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति और नौजवान के लिए रोज़गार की व्यवस्था होनी चाहिए और सरकार के अनेकानेक जो दायित्व हैं समाज को आगे बढ़ाने के लिए, वे निश्चित रूप से आवश्यक हैं। केरल के माननीय सदस्य ने बहुत अच्छा केरल राज्य का अनेक क्षेत्रों में उदाहरण दिया और वास्तव में भले ही हमारी वैचारिक भिन्नता हो कि वहां किस दल का शासन है और हमारा जो प्रांत है वहां किस दल का शासन है और केन्द्र में किस पार्टी का शासन है लेकिन तथ्य अपने स्थान पर तथ्य ही रहेगा। जो मूल भावना उन्होंने रखी कि शिक्षा का जो घनत्व और प्रतिशत वहां अधिक था और पब्लिक अवेयरनैस, कनसैन्सस और उसमें पोलिटिकल विल और पब्लिक मोबिलिइजेशन का परिणाम यह हुआ कि वहां पापुलेशन पर कंट्रोल हुआ। दूसरा जिस तरह से हैल्थकेयर के क्षेत्र में विाय रखा, बहुत अच्छा विाय वहां से आया और इसके अलावा इंप्लायमैंट के लिए और अन्य विायों में तथा साथ में जो कठिनाइयां आई हैं, वह भी विद्यमान है कहीं न कहीं लगता है कि उदारीकरण का 1992 में जो निर्णय हुआ उससे देश का विकास हुआ या परेशानियाँ हुई, इस बारे में दोनों तर्क हैं। उस निर्णय को चूंकि पश्चातवर्ती सरकार में हम रहे और लगभग साढ़े छः र्वाों तक एनडीए में एक छोटे से सहयोगी के रूप में कार्य करने का अवसर मुझे भी मिला और मेरा यह मानना है कि यह बात सही है कि जब तक हम अंतर्राट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए सक्षम नहीं है, टैक्नोलाजी के क्षेत्र में हमारी अपनी स्वदेश की टेक्नोलाजी बाहर के देश से कंपीट करने के लिए तैयार नहीं है तो यह जो विश्व बाजारीकरण का युग है, और देश के सामने अनेक कठिनाईयाँ है । उसमें सस्ता और अच्छा तथा तत्काल जिसका कार्य होना है उसका तो चलेगा पुरानी टेक्नाँलोजी के आधार पर मार्केट में आपका उत्पादित माल बाजार नहीं पकड़ सकता, लिहाजा जो नारियल से जुड़े हुए या टाइल्स की इंडस्ट्री का जिक्र किया, इससे जुड़े हुए अनेक क्षेत्र हैं जहां यह कठिनाई आई है। लेकिन जब एक सरकार रहती है और दूसरी सरकार आती है तो रिले रेस की तरह होता है। रिले रेस में एक रनर जाता है तो अपना झंडा दूसरे को पकड़ाता है।

This is a bounden duty of the following runner. दूसरा दौड़ रहा है, वह आधे से आगे की ओर दौड़ेगा। अगर वह पीछे दौड़ने लगेगा, तो वह दौड़ में कामयाब नहीं हो सकता। जो यू.पी.ए. की मौजूदा सरकार है, उसने पिछली सरकार की कुछ परियोजनाओं को ज्यों का त्यों स्वीकार किया है। उनमें से एक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना है। उसका जिक्र मैं इसलिए कर रहा हूं, हालांकि इस समय उसका जिक्र करना विाय से भिन्न होगा, लेकिन उस योजना में लाखों लोगों को रोजगार का अवसर मिल रहा है। इसके दो फायदे हैं, एक तो इससे देश के भीतर यातायात में सुधार होगा और दूसरे विशोरूप से ग्रामीण क्षेत्र शहरों से जुड़ेंगे। यह काम तेजी से बढ़े, हर सदस्य की यही भावना है। मौजूदा समय में, वर्तमान सरकार का यह नैतिक दायित्व है कि वह इस योजना को निर्धारित समय में पूरा करे और इस कार्य को तेजी से आगे बढाए।

सभापति महोदय, सोश्यल सिक्योरिटी के क्षेत्र में एन.डी.ए. सरकार के समय में बहुत अच्छे निर्णय हुए, जिनमें से कुछ का उल्लेख वरिठ सदस्य श्री रासा सिंह रावत जी ने किया। कुछ की जानकारी मेरे पास भी है। जैसे देश में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां लगभग 7.50 लाख हैं। इनका मानदेय पिछली सरकार के समय में दोगुना किया गया। इनका बीमा नहीं था। इनका 50 हजार रुपए का बीमा किया गया। हैल्थ इंश्योरेंस स्कीम के अन्तर्गत गरीब व्यक्ति का मात्र डेढ़ रुपए के बीमे पर स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत 30 हजार रुपए का बीमा किया गया, ताकि उसे अपने इलाज के लिए पैसा मिल सके। यह व्यवस्था पिछली सरकार के समय में की गई।

महोदय, किसानों का भी उल्लेख हुआ। कृाक का उत्पादन बढ़े, उसे पूंजी का अभाव न हो, इस हेतु भी व्यवस्था की गई। फसल बीमा की व्यवस्था की गई है। इसका लाभ भी काफी किसानों ने उठाया है। यह जरूर है कि कुछ क्षेत्रों में कृाि की उत्पादन लागत अधिक होने से उसका लाभ किसानों को नहीं मिला जिसके कारण किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उसकी गहराई से जांच-पड़ताल होनी चाहिए। उसमें जो कमियां हैं, उनको कैसे दूर किया जाए, इस पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए। किसानों की फसलों का जो बीमा किया गया, उसका लाभ किसानों ने उठाया है, इसमें कोई दो राय नहीं हैं।

महोदय, किसानों को आसानी से ऋण मिल सके, इसके लिए एक यूनीक स्कीम सामने आई थी जिसे किसान क्रेडिट कार्ड की योजना के नाम से जाना जाता है। अधिकांश किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा चुके हैं। बहुत कम लोग बचे हैं जिन्हें ये कार्ड दिए जाने हैं। मुझे जानकारी है कि मौजूदा सरकार उस टारगेट को पूरा करने के लिए आगे बढ़ी है। आज जिन किसानों के पास क्रेडिट कार्ड हैं, वे आसानी से उसे दिखाकर ऋण ले सकते हैं।

महोदय, अभी श्री बसुदेव आचार्य ने बार-बार वीवर्स का जिक्र किया। पिछली सरकार ने बुनकरों की कठिनाई को समझा और उसने बुनकर क्रेडिट कार्ड शुरू किया। इस अवसर पर, इसका लाभ उठाते हुए मैं बताना चाहता हूं कि मैं उत्तरांचल से आता हूं, वहां मुख्य रूप से निर्माण कार्य किया जाता है। निर्माण कार्यों में लगे हुए मुख्य कर्मियों को स्थानीय भााा में शिल्पकार कहा जाता है। वे अधिकांश पत्थर चिनाई का काम करते हैं, कुछ बढ़ई का काम करते हैं, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। उन्हें ऋण उपलब्ध नहीं होता है। उन्हें औजारों के लिए, अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए जब ऋण की आवश्यकता होती है, तो वह उन्हें नहीं मिलता है। इसी प्रकार से लोहे का काम करने वाले छोटे-छोटे लुहार हैं, उन्हें जब ऋण की आवश्यकता होती है, तो वह उपलब्ध नहीं होता है। जब किसान के लिए, बुनकर के लिए ऋण उपलब्ध कराने हेतु सारी सुविधाएं दी गई हैं, तो पर्वतीय क्षेत्रों में जो शिल्पकार हैं, दस्तकार हैं, उनके लिए भी सामाजिक रूप से आर्थिक सहायता मिले, इस हेतु शिल्पकार क्रेडिट कार्ड के नाम से योजना शुरू की जाए। यह निवेदन मैं सरकार से करना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN : Mr. Rawat, you may conclude your speech today or you may have it on the next Private Members' day. It is because the House will adjourn now and the discussion can be had on the next Private Members' day.

**श्री बची सिंह रावत 'बचदा'**: ठीक है। श्रीमन मैं अगले गैर-सरकारी कार्य-दिवस पर अपना भााण जारी रखूंगा।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. on Monday, the 6th December, 2004.

**18.00 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Monday, December 6, 2004/Agrahayana 15, 1926 (Saka).*

__________________